जब बिन बोले मिलता हम बोल के क्या मांगे

जब बिन बोले मिलता, तो बोल के क्या मांगे ॥
मेरी दुनिया तुम ही हो, दुनिया से क्या मांगे ।

धन दौलत क्या मांगे, मुस्कान ये दी तुमने।
हमें श्याम प्रेमियों की, पहचान ये दी तुमने।
किस्मत को बनाते हो, किस्मत से क्या मांगे।

कोई हमसे पूछे ज़रा, जन्नत कैसी होगी ।
दावे से कहता हूं, खाटू जैसी होगी ।
जीते जी स्वर्ग मिला, मरने पर क्या मांगे ।

मुझसे नालायक को, लायक समझा तुमने ।
अपनों ने ठुकराया, अपना समझा तुमने ।
तुमको ही मांग लिया, तुमसे अब क्या मांगे ।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1799/title/jab-bin-bole-milta-ham-bol-ke-kya-mange-meri-duniya-tum-hi-ho-duniya-se-kya-mangye

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |